# छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), रायपुर

प्रकरण क्रमांक–**M-PRO-2022-01829**

– समक्ष –

श्री विवेक ढाँड, अध्यक्ष

श्री अशोक दास, पिता–श्री कानी भूषण दास,
निवासी–एल.आई.जी.–52, केवल्य पार्क,
कुम्हारी, जिला–दुर्ग (छ.ग.) .................. **आवेदक**

विरूद्ध

तनु कन्स्ट्रक्शन,
द्वारा–श्री देवतनु चक्रवर्ती,
निवासी–शॉप नं.–3, ईश्वरी प्लाजा, द्वितीय तल,
तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) .................... **अनावेदक**

उपस्थिति :–

(1) श्री डेरेश्वर बंजारे, अधिवक्ता वास्ते अनावेदक।

(प्रोजेक्ट–''देव रेसीडेन्सी'', ग्राम–उरला, तहसील–पाटन, जिला–दुर्ग)

आदेश

(दिनाँक–13/01/2023)

आवेदक श्री अशोक दास, पिता–श्री कानी भूषण दास, निवासी–एल. आई.जी.–52, केवल्य पार्क, कुम्हारी, जिला–दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा भू–संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 31 के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप–ङ (FORM-M) में आवेदन कर अनावेदक के विरूद्ध शिकायत प्रस्तुत की गई है। आवेदक का कथन है कि उसने अनावेदक के प्रोजेक्ट ''देव रेसीडेन्सी'' ग्राम–उरला, तहसील–पाटन, जिला–दुर्ग (छ.ग.) में 1–बी.एच.के. रो हाउस फैमिली यूनिट्स को रूपये 6,49,000/– में क्रय करने हेतु दिनाँक 20.01.2014 को विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया। आवेदक ने सौदे के एवज में मार्च, 2017 तक रूपये 3,45,000/– का किश्तों में अनावेदक को भुगतान करने का लेख किया है। परन्तु अनावेदक द्वारा 03 वर्षों तक कोई निर्माण कार्य नहीं किये जाने के कारण आवेदक ने किश्तों का भुगतान बंद करने का लेख किया है। इकरारनामा अनुसार अनावेदकगण को 60 माह के भीतर अर्थात् दिनाँक 20.01.2019 तक प्रश्नाधीन मकान का निर्माण कार्य पूर्ण कर आवेदक को मकान का आधिपत्य सौंपना था। परन्तु इकरारनामा की कंडिका–9 अनुसार तीन किश्तों का भुगतान नहीं करने पर इकरारनामा निरस्त हो गया। आवेदक ने यह लेख किया है कि अनावेदक द्वारा इकरारनामा की कंडिका–11 अनुसार अनुबंध निरस्त करने के पश्चात् भुगतान की गई राशि निर्धारित समयावधि जून, 2020 तक वापस

